# कृष्णा जन कल्याण शिक्षण संस्थान गोपाल नगर मथुरा (उ०प्र ०)281001

## प्रगति प्रतिवेदन

## सन 2022-23

**कृष्णा जन कल्याण शिक्षण संस्थान** रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत संस्थान है सत्र 2022-23 में समाज के स्वयं सेवकों तथा सरकारी , गैर सरकारी संगठनों से सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर समाज के अपवंचित तथा दिव्यांगजनों हेतु शिक्षण प्रशिक्षण एवं उत्थान हेतु अपने निश्चित संसाधनों के अंतर्गत यथा संभव प्रयास किया

**1. विशेष विद्यालय का संचालन** :- वर्ष 2007-08 से संस्थान द्वारा विशेष बच्चों हेतु विद्यालय का संचालन किया जा रहा है जिसमें 60 विद्यार्थी मानसिक मंदित ,आटिज्म ,बहुदिव्यांग एवं श्रवण बाधित ,बौद्धिक अक्षमता को उनके स्तर तथा उम्र के अनुसार विभाजित करके शीघ्र हस्तक्षेप ,प्री प्राइमरी, प्राइमरी सेकेंडरी प्री वोकेशनल एवं वोकेशनल कक्षाओं में रख कर शिक्षण प्रशिक्षण प्रारम्भ दिया जा रहा है

**2. दिव्यांगता जागरूकता अभियान** :- संस्था द्वारा माह जुलाई में एक सप्ताह तक दिव्यांगता जागरूकता अभियान चलाया गया क्षेत्र में घर घर जा कर क्षेत्रीय लोगों को दिव्यांगता के बारे में जानकारी दी दिव्यांगता किन किन कारणों से होती है इसे किस प्रकार रोका जा सकता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है

**3. स्वंतत्रता दिवस 15 अगस्त 2021** को संस्थान के प्रांगण में देश की स्वतंत्रता का दिवस मनाया गया देश के सभी वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए देश की आजादी में उनके योगदान तथा उत्कृष्ट कार्यों ने देशवाशियों को स्वतन्त्र रूप से जीने का हक दिलाया जिसके लिए उन्हें नमन किया गया।

**4. शिक्षक दिवस 5 सितम्बर 2021** में संस्था द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों से 07 शिक्षक सम्मिलित हुए इस अवसर पर विशेष शिक्षा के विशेषज्ञों द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण पर चर्चा परिचर्चा किया गया कि हमें इन बच्चों के साथ कक्षा -कक्ष में किस प्रकार से शिक्षण प्रशिक्षण करना होता है

**5.गाँधी जयंती 02 अक्टूबर 2021** के उपलक्ष्य अवसर पर संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें संस्था के स्थानीय क्षेत्र के आस पास गन्दगी को साफ लिया गया प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार गाँधी जयंती को स्वच्छता से जोड़ कर इस अवसर को विशेष बनाया गया

**6.बाल दिवस :-14 नवंबर 2021** बाल दिवस के अवसर पर संस्थान द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया पंडित जवाहर लाल नेहरू के कृतित्व को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने तथा अध्यापकों को बच्चों हेतु नेहरू जी की सोच के अनुसार कार्य करने के हेतु उत्प्रेरित किया गया

**7.विश्व दिव्यांगता दिवस का आयोजन** :- **3 दिसंबर 2021** को विश्व दिव्यांगता दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों के समस्याओं का समाधान पर चर्चा -परिचर्चा किया गया विशिष्ट व्यक्तियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये

**8.गणतंत्र दिवस** :- **26 जनवरी 2022** को संस्थान के प्रांगण में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया झंडा रोहण के उपरांत दिव्यांगजन अधिनियम के तहत दिव्यांगजनों को प्राप्त अधिकारों पर चर्चा की गयी तथा संस्थान द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए रैली निकाल कर लोगों को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण -प्रशिक्षण हेतु संस्थान द्वारा संचालित विशेष विद्यालय में दाखिला हेतु प्रेरित किया गया

**10.जाँच शिविर:-** संस्थान द्वारा अप्रैल माह में सुनने भाषा वाणी की जाँच शिविर का आयोजन कर निः शुल्क श्रवण जाँच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 5 व्यक्तियों कि कान जाँच 10 व्यक्तियों की स्पीच से सम्बंधि तथा 10 व्यक्तियों को कान तथा बोलने व् भाषा सम्बन्धी कारणों तथा बचाव सम्बन्धी सुझाव दिए गए

KRISHNA JAN KALYAN SHIKSHAN SANSTHAN Gopal Nagar Mathura 281001